उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार 18 बैशाख, शक संवत्, 1923

( दिनांक : 8 मई, 2001 )
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1— अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी (क) )

2— अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी (ख) )

3— सदस्यों की गिरफ्तारी, निरूद्धीकरण व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों ।

4— विशेषाधिकार के प्रश्न, यदि कोई हों।

5— मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों ।

6— आबकारी मंत्री ''संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

7— आबकारी मंत्री '' संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 '' को पुरःस्थापित करेंगे।

8— नियम—315 के खण्ड (23)के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें यदि कोई हों,
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिऐ नत्थी (ग)।

9— कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10— वित्तीय वर्ष 2001—2002 के आय—व्ययक पर सामान्य चर्चा ।

.......2 /—

11– निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुत किया जाना :–

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
|---|---|
| श्री मुन्ना सिंह चौहान | " यह सदन संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) अध्यादेश, 2001 का अननुमोदन करता है।" |

12– आबकारी मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि "संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन ) विधेयक, 2001 पर, , विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1– श्री राम सिंह सैनी<br>2– श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>3– श्री अम्बरीश कुमार | "संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम ( उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन तीन माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जाएगें) |

13– आबकारी मंत्री यह प्रस्ताव करेगें कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 पारित किया जाय।

14– नियम–51 के अन्तर्गत सूचनायें, यदि कोई हों।

देहरादून।

दिनांक : 8 मई 2001

आज्ञा से,

( महेश चन्द्र )

सचिव

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र 2001, का
पहला मंगल

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार 18 बैशाख, शक संवत्, 1923

(दिनांक : 8 मई, 2001)
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

## नत्थी (क)

—: अल्पसूचित प्रश्न :—

श्री अम्बरीष कुमार
19—4—2001

1— क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरकाशी जनपद स्थित तिलोथ विद्युतगृह में अप्रैल, 2001 में पानी भरने से विद्युत उत्पादन ठप्प हो गया था? यदि हां, तो इस घटना की जाचं करायी गयी है यदि हां तो दोषी कौन पाया गया? यदि नहीं तो क्यों?

ऊर्जा

डा0 इन्दिरा ह्रदयेश
17—4—2001

2— क्या खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री को जानकारी है कि मार्च,2001 के राशन कोटा नैनीताल जनपद में सहकारी सस्ते गल्ले की दुकानों को आवंटित हुआ है? यदि हां , तो इसके क्या कारण हैं? आवंटन न किये जाने के दोषी अधिकारियों के विरूद्ध सरकार क्या कार्यवाही करने जा रही है?

खाद्य व आपूर्ति

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र 2001, का
पहला मंगल

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## मंगलवार 18 बैशाख, शक संवत्, 1923

(दिनांक : 8 मई, 2001)
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

## नत्थी (ख)

—: तारांकित प्रश्न :—

श्री मुन्ना सिंह चौहान
19—2—2001

* 1— क्या सिंचाई एवं ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि सिंचाई एवं विद्युत परियोजनाओं सम्बंधी अधिकार/स्वामित्व उत्तरांचल को दिए जाने के सम्बंध में अभी तक सरकार ने क्या कार्यवाही की है? क्या भारत सरकार को भी कोई प्रस्ताव/सिफारिश भेजी गयी है? यदि हां, तो उसका संक्षिप्त विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? — ऊर्जा

श्रीमती इन्दिरा ह्रदयेश
22—2—2001

* 2— क्या मुख्य मंत्री जानकारी देने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऊर्जा निगम की परिसम्पत्तियों का विभाजन उत्तरांचल प्रदेश को कर दिया गया है? यदि नहीं, तो यह निर्णय कब तक हो जायेगा ? — ऊर्जा

श्री बिशन सिंह चुफाल
22—2—2001

* 3— क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि विद्युतीकरण हेतु एक ग्राम पंचायत में एल.टी. पोलो के क्या मानक हैं ? पर्वतीय जनपदों की विषम भौगोलिक स्थिति को देखते हुए क्या एल.टी. पोलो के मामलों में परिवर्तन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — ऊर्जा

श्री लाखी राम जोशी
26—2—2001

* 4— क्या ओद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित निगमों/संस्थानों की क्या संख्या है ? तथा उनके नाम क्या हैं? क्या सरकार ऐसे निगमों/संस्थानों का स्वामित्व प्राप्त करने की दिशा में प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या कार्यबाही की गयी ? यदि नहीं तो क्यों ? — ओद्योगिक विकास

......2/—

श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा
1–[illegible]–2001

* 5– क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि प्रस्तावित गंगोलीहाट (पिथौरागढ़) सीमेंट फैक्ट्री के निर्माण हेतु सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ? क्या उक्त सीमेंट फैक्ट्री के निर्माण हेतु निजी उद्यमियों को ऑफर दिया जा रहा है ? यदि हां, तो अब तक ने उद्यमियों ने विड (प्रस्ताव) दिया है ?

<u>ओद्योगिक विकास</u>

श्री राजेन्द्र सिंह
2–3–2001

* 6– क्या उद्योग मंत्री कृप्या बतायेंगे कि नदियों से पत्थर–बजरी चुगान न होने के कारण नदी तल ऊंचे होने से दोनों छोर पर हो रहे वन व कृषि भूमि का कटाव हो रहा है ? क्या ऐसी नदियां जिनमें इस प्रकार कटाव हो रहा है, में खनन कार्य कराया जायेगा ? यदि हां, तो किस आधार पर ? यदि नहीं, तो क्या?

<u>उद्योग</u>

श्री अम्बरीष कुमार
5–3–2001

* 7– क्या ऊर्जा मंत्री जानकारी देने की कृपा करेंगे कि टिहरी जल विद्युत परियोजना की पुनर्समीक्षा के लिए उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रधानमंत्री, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है ? यदि हां, तो क्यों और कब तथा इस योजना के पूर्ण होने पर कितनी विद्युत राज्य को प्राप्त होगी ?

<u>ऊर्जा</u>

श्री ज्ञान चन्द
2–3–2001

* 8– क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन व तीर्थाटन हेतु अलग–अलग विभाग खोले जाने की पृष्ठभूमि में शासन की क्या सोच है ?क्या सरकार उस नीति का खुलासा करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या उक्त दोनों विभागों को एक करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तां कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

<u>दूसरे सोम के तारांकित 13 में स्था0</u>

श्री हरवंश कपूर
5–3–2001

* 9– क्या उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल औद्योगिक इकाइयों को विकसित एवं प्रोत्साहित करने हेतु कोई नीति बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

<u>उद्योग</u>

श्री राम सिंह सैनी
16–3–2001

* 10– क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जहां–जहां जर्जर लाइनों के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है उन–उन कस्बों तथा ग्रामों की लाइनें समयबद्ध तरीके से बदलवाने की कोई योजना शासन ने बनाई है ? यदि हां, तो उसे कब से लागू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

<u>ऊर्जा</u>

## –: अतारांकित प्रश्न :–

श्री रघुनाथ सिंह चौहान
20–2–2001

1– क्या सिंचाई मंत्री की जानकारी में है कि अल्मोड़ा के समीप क्वारब से कोशी नदी में विगत 20 वर्षों से अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड, सिंचाई विभाग द्वारा बांध बनाये जाने हेतु कोई सर्वेक्षण किया ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त बांध का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

<u>सिंचाई</u>

.........3/–

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>24–2–2001 | 2– क्या सिंचाई मंत्री को यह जानकारी है कि वर्ष 1985–86 में जनपद पिथौरागढ़ के मुनस्यारी तहसील के अन्तर्गत मिलम पाइप नहर की स्वीकृति की गयी थी ? यदि हां, तो क्या नहर का निर्माण कराया गया था ? यदि कराया गया है तो कितना और क्या सरकार नहर निर्माण की जांच करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | <u>सिंचाई</u> |
| श्री लाखी राम जोशी<br>28–2–2001 | 3– क्या सरकार को जानकारी है कि टिहरी बांध प्रभावित क्षेत्र के विकास हेतु जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल की अध्यक्षता में 14 मार्च '2000 को विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों की बैठक में प्रत्येक विभाग द्वारा अलग–अलग योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गयी थी ? यदि हां, तो प्रस्तावित योजनाऐं कब तक कार्यरूप में परिणित कर दी जायेंगी ? क्या इस हेतु कोई समय सीमा तय की गयी थी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | <u>ऊर्जा</u> |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>1–3–2001 | 4– क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि खादी कार्यक्रम के अन्तर्गत खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा राज्य 31 दिसम्बर '2000 तक कुल कितने संस्थाओं को जिलेवार वित्त पोषित किया जा चुका है ? उक्त योजना के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि ऋण अथवा अनुदान के रूप में संस्थाओं को भुगतान किया जा चुका है ? क्या सरकार को यह भी ज्ञात है कि उरोक्त संस्थाओं में अधिकांश मात्र कागज़ी कार्यवाही में संस्था बनाकर उपरोक्त धनराशि का दुरूपयोग कर रहे हैं ? यदि हां, तो सार्वजनिक धन के दुरूपयोग करने वाली संस्थाओं के विरूद्ध क्या कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार फर्ज़ी संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही हेतु जांच दल नियुक्ति करेगी ? | <u>औद्योगिक विकास</u> |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>1–3–2001 | 5– क्या सरकार को ज्ञात है कि राजकीय विकलांग कार्यशाला पिथौरागढ़ को उच्चीकृत कर आई.टी.आई. (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) बनाये जाने की मांग काफी लम्बे समय से की जा रही है? यदि हां, तो विकलांगों को रोज़गार परक व्यवसायिक शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्टिफिकेट कोर्स की महत्ता को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2001–2002 में उक्त योजना को शामिल किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | <u>शिक्षा</u> |
| श्री इशम सिंह<br>2–3–2001 | 6–<br>(अस्पष्टता के आधार पर निरस्त)। | |
| श्री हरवंश कपूर<br>5–3–2001 | 7– क्या उद्योग मंत्री अमिताभ टैक्सटाइल मिल्स प्रेमनगर, देहरादून को पुनः चलवाने हेतु कोई कार्यवाही करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? यदि हां, तो कब तक ? | <u>उद्योग</u> |

.......4/–

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>5—3—2001 | 8— क्या सिंचाई मंत्री कृप्या बतायेंगे कि पंचायतराज व्यवस्था लागू होने के बाद से अब तक राजकीय नलकूपों से की गयी सिंचाई के सापेक्ष सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ ? नलकूपों के रख—रखाव/मरम्मत हेतु शासन द्वारा प्रतिवर्ष प्रति नलकूप कितनी धनराशि निर्धारित है ? क्या यह राशि पर्याप्त है ? यदि नहीं, तो इसे बढ़ाया जायेगा ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री हरवंश कपूर<br>7—3—2001 | 9— क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अमिताभ टैक्सटाइल मिल्स प्रेमनगर, देहरादून के बन्द होने के क्या—क्या कारण हैं ? क्या मा0 मंत्रीजी व्यापक जनहित एवं मिल में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं को देखते हुए उक्त मिल को पुनः चालू करवाने का कष्ट करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>14—3—2001 | 10— क्या सरकार को यह ज्ञात है कि वर्ष 1985—86 में अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ के सीमा से लगे पनार नामक स्थान पर विश्व बैंक की सहायता से 600 करोड़ की लागत की हरियाली एवं वन्य जीव अभ्यारण की स्थापना हेतु दीर्घ कालीन बहुद्देशीय पनार जलागम परियोजना का निर्माण शुरू किया गया था परन्तु वर्तमान में उक्त क्षेत्र में निर्माण का कोई अवशेष नहीं बचा है ? यदि हां, तो उपरोक्त परियोजना जो कि नवसृजित उत्तरांचल राज्य के हिस्से में है ? उसके निर्माण न करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए सरकार क्या कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दूसरे गुरू के अतारांकित 1 में स्था0 |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>15—3—2001 | 11— क्या सरकार को ज्ञात है कि पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में स्थित हिमालय से लगा पर्वत श्रृंखला पंचचूली जो कि अपने सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है को राष्ट्रीय पर्यटन ग्रिड व विशिष्ट ऐतिहासिक सौन्दर्य स्थल का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो उक्त क्षेत्र के पर्यटन विकास व रोज़गार व राज्य की आय को दृष्टिगत रखते हुए उक्त विषेयक प्रस्ताव पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को कब तक भेजा जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री बिशन सिंह<br>26—2—2001 | 12— क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1985—86 में जनपद पिथौरागढ़ के मुनस्यारी तहसील के अन्तर्गत मिलम पाइप नहर की स्वीकृति की गयी थी ? यदि हां, तो नहर का कितना निर्माण कराया गया है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस प्रकरण की जांच करायेगी ? | सिंचाई |
| श्री लाखी राम जोशी<br>28—2—2001 | 13— क्या सिंचाई मंत्री कृप्या बतायेंगे कि जिला टिहरी गढ़वाल में नरेन्द्रनगर स्थित सिंचाई निर्माण खण्ड—2 घनसाली स्थानांतरित कब तक किया जायेगा ? क्या यह सत्य है कि उक्त खण्ड के स्थानांतरण में व्यवधान डाला जा रहा है ? यदि नहीं, तो उक्त खण्ड के घनसाली में स्थानांतरण न करने के क्या कारण हैं ? | सिंचाई |
| श्री हरवंश कपूर<br>7—3—2001 | 14— क्या सिंचाई मंत्री कृप्या बतायेंगे कि टोंस सिविल निर्माण मंडल प्रथम यमुना कॉलोनी देहरादून के अधीनस्थ 1975 से कार्यरत दैनिक श्रमिकों को अहर्ता के आधार पर 15—4—97 से वर्ग चार्ज में किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री रोशन सिंह चुफाल<br>19–3–2001 | 15– क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1985 में निर्मित कुसल तुलानी नहर, पिथौरागढ़ से सिंचाई हो रही है ? यदि हां, तो कितने हैक्टेयर भूमि में ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह सैनी<br>16–3–2001 | 16– क्या सिचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1984 में सिंचाई विभाग की भूमि जो पथरी से नदी के बहाव के कारण परती रहती थी वह भूमि हरिद्वार तहसील के 8 ग्रामों के भूमि हीन परिवारों को 2–2 एकड़ दी गयी थी था 28 ऐसे किसान परिवारों को दी गयी थी जिनके पास दो एकड़ से कम भूमि थी ? क्या यह सही है कि उक्त भूमि कृषक मजदूरों से छीनी जा रही है ? यदि हां, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह सैनी<br>17–3–2001 | 17– क्या सिचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कौन–कौन से राजकीय नलकूप पम्प खराब हैं ? नलकूपों को कब तक ठीक करा दिया जायेगा ? | सिंचाई |
| श्री इशम सिंह<br>3–4–2001 | 18– क्या सिचाई मंत्री कृप्या बतायेंगे कि गांव हसनपुर, मदनपुर, डाडापट्टी व अहमदपुर खेड़ी ब्लॉक–भगवानपुर जिला हरिद्वार में किसानों की भूमि सौलपनी नदी के कटाव से रोकने हेतु, तटबंध बनाने हेतु शासन से 19 लाख 41 हज़ार रूपये स्वीकृत हुए थे ? यदि हां, तो उक्त कार्य में देरी का क्या कारण है, और यह कार्य कब तक पूरा करा दिया जायेगा ? | सिंचाई |
| श्री इशम सिंह<br>4–4–2001 | 19– क्या सिचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि 1999 में भद्रवती नदी से सिसौली, तक ब्लॉक–गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ में सिंचाई विभाग द्वारा 24 लाख रूपये लागत से नहर का निर्माण कराया गया था ? यदि हां, तो क्या यह सही है नहर एक वर्ष में ही क्षतिग्रस्त हो गयी ? यदि हां, तो क्या उक्त नहर निर्माण की जांच कराकर दोषी अधिकारियों /कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>7–4–2001 | 20– क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 8–11–2000 से 31–3–2001 तक कितने ग्रामों का विद्युतीकरण किया गया है ? अब कितने ग्राम ऐसे हैं जिन्हें विद्युतीकरण किया जाना है ? इन शेष ग्रामों को कब तक विद्युतीकृत कर दिया जायेगा ? | ऊर्जा |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>8–4–2001 | 21– क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2000–2001 में सभी विधायकों के क्षेत्रों में उनकी संस्तुति पर पांच–पांच ग्रामों का विद्युतीकरण अथवा शहरी क्षेत्रों में 20 लाख रूपये की धनराशि के विद्युत कार्य करा दिये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| मुन्ना सिंह चौहान<br>19–4–2001 | 22– क्या सिचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून स्थित यमुना कॉलोनी में दिनांक 1 जनवरी, 2001 से 31 मार्च, 2001 तक की अवधि में किस–किस श्रेणी के कितने आवास रिक्त हुए हैं और किन–किन व्यक्तियों को किसके आदेश के अन्तर्गत आवास आवंटित किए गये ? उक्त कालोनी में वर्तमान में अवैध अध्यासनों का विवरण क्या है ? तथा इनसे कब तक आवास खाली करा लिया जायेगा ? | सिंचाई |

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र 2001, का
पहला मंगल

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार 18 बैशाख, शक संवत्, 1923

(दिनांक : 8 मई, 2001)
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

## नत्थी (ग)

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 4 मई, 2001 की बैठक में दिनांक 8 मई, 2001 से 9 मई, 2001 के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैं :–

मई, 2001

08 मंगलवार

(1) वित्तीय वर्ष 2001–2002 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा (बजट)

(2) ''संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं पारण ।

09 बुद्धवार

(1) वित्तीय वर्ष 2001–2002 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा (बजट)

(2) ''उत्तर प्रदेश वन निगम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं पारण।

(3) ''भारतीय वन अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं पारण।

# मंगलवार 18 बैशाख, शक संवत्, 1923
## दिनांक : 8 मई, 2001 की अनुपूरक कार्यसूची

---

13 (क) नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम (द्वितीय उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

13 (ख) नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम (द्वितीय उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करेंगे।

13 (ग) नगर विकास मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम (द्वितीय उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 पर विचार किया जाये।

13 (घ) नगर विकास मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम (द्वितीय उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 पारित किया जाये।

देहरादून।

दिनांक : 8 मई 2001

आज्ञा से,
(महेश चन्द्र)
सचिव